# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि यह समिति वर्तमान मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देश की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी। सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगी।

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू कहा कि जांच जारी है। विमान में साढे छह सौ फीट की ऊंचाई पर खराबी आई थी और पायलट ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। उन्होंने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय इस हादसे की हर पहलू से जांच कर रहा है।

इस बीच, दुर्घटना में विमान में सवार 241 यात्रियों और मेडिकल छात्रों सहित 254 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

**********

नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने आज बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय डीजीसीए ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की विस्तारित निगरानी के लिए आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उनमें से आठ का तत्काल निरीक्षण किया जा चुका है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में साठ हजार दो सौ चौवालिस पदों पर चयनित नागरिक पुलिस के जवानों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान पचास जवानों को मंच पर उनके द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। यह आयोजन रायबरेली रोड स्थित वृंदावन योजना मैदान में होगा। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर लखनऊ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डाइवर्ट किया गया है।

**********

आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट में श्री जाधव ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार तथा विरासत है।

**योग डायबिटीज के प्रावधान, हृदय स्वास्थ्य में सुधार और यहां तक कि कैंसर रोगियों और बुजुर्गों को उनकी बीमारी से बेहतर तरीके से निपटने में मददगार है। योग सिर्फ आध्यात्मिक और ध्यान का ही अभ्यास नहीं है बल्कि यह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर भी प्रदान करता है।**

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि योग धर्म, लिंग और भाषा की सीमाओं से परे है।

**योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। ये मन, शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच में सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।**

**********

प्रदेश भर में आज विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया और रक्तदान शिविरों के आयोजन कर स्वैच्छिक रक्तदान कराया गया। साथ ही कई जिलों में रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। वाराणसी जिले में बनारस रेल इंजन कारखाना परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में पूरे उत्साह के साथ रक्तदान हुआ। गोरखपुर में हिंदुस्तान रसायन उर्वरक लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक एसपी मोहंती ने रक्तदान कर लोगों से रक्तदाता बनने की अपील की। जौनपुर जिले में पुलिस अधीक्षक ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

**********

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी दो हजार पचीस ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परिणाम आज घोषित किए गए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट एनटीए नीट डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

**********

वाराणसी जिले के मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के कछवांरोड ओवरब्रिज के निकट आज दिन में एक ट्रक की टक्कर से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब प्रयागराज से आ रही कार को उसी दिशा से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने सत्रह जून से बीस जून तक प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के मुताबिक उन्नीस और बीस जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति रहेगी। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज से ही कहीं कहीं वर्षा की संभावना बनी हुई है। विभाग ने आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना भी जताई है।

**********